दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04
अंकः-316
मुरादाबाद
09 March 2025
(Sunday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## आधी आबादी को राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं; पीएम मोदी बोले- हम अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला दिवस के मौके पर साझा संदेश में लिखा कि %आज हम महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं। हम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने का भी संकल्प लेते हैं।% आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर देश और दुनिया समाज में महिलाओं के योगदान को नमन कर रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं को नमन किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि हम महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति को नमन करते हैं।पीएम मोदी ने किया ट्वीट प्रधानमंत्री ने लिखा कि हमारी सरकार हमेशा से नारी सशक्तिकरण की दिशा में काम करती रही है और ये हमारी योजनाओं में भी दिखाई देता है। आज जैसा कि मैंने वादा किया था कि मेरा सोशल मीडिया प्रोफाइल महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं।% प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर महिला दिवस के मौके पर एक वीडियो भी साझा किया।राष्ट्रपति ने दीं महिला दिवस की शुभकामनाएं- वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला दिवस के मौके पर साझा संदेश में लिखा कि आज हम महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं। हम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने का भी संकल्प लेते हैं। हमारी बहनें और बेटियां अब सीमाओं को लांघ रही हैं। हम महिलाओं को उनकी यात्रा में समर्थन देने का संकल्प लें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पीछे न छूट जाए, वे विभिन्न क्षेत्रों में नए रास्ते बना रही हैं। साथ मिलकर, हम एक लैंगिक समानता वाली दुनिया बना सकते हैं जहां महिलाएं बिना किसी डर के अपने सपनों को पूरा कर सकें। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि %महिलाओं को शौचालय (इज्जत घर) देकर हमने उन्हें सम्मान दिया। महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उनका सशक्तिकरण किया गया। उज्जवल योजना से उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया गया। पहले महिलाओं को 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था, लेकिन हमने उसे बढ़ाकर 26 हफ्ते किया।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के नवसारी में लखपति दीदियों से संवाद किया। पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वानसी बोरसी गांव में 25,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की। संवाद के बाद पीएम मोदी ने रोड शो भी किया। नवसारी में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। माताओं-बहनों का आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत है, मेरी पूंजी है और मेरा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। नारी का सम्मान विकसित भारत की पहली सीढ़ी है। तीन तलाक और अनुच्छेद 370 पर बोले पीएम मोदी- प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है।% प्रधानमंत्री ने कहा मुस्लिम महिलाओं की मांग थी कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो मुस्लिम महिला (शादी में सुरक्षा का अधिकार) कानून, 2019 के तहत उनकी जिंदगी को बर्बाद होने से बचाया गया। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था तो वहां महिलाओं को कई अधिकारों से वंचित रखा गया था। अगर वे राज्य से बाहर शादी करतीं तो उन्हें संपत्ति में अधिकार नहीं मिलता था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद अब उन्हें भी देश की अन्य महिलाओं की तरह समान अधिकार हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को शौचालय (इज्जत घर) देकर हमने उन्हें सम्मान दिया। महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उनका सशक्तिकरण किया गया। उज्जवल योजना से उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया गया। पहले महिलाओं को 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था, लेकिन हमने उसे बढ़ाकर 26 हफ्ते किया। 2014 के बाद से तीन करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बनीं- पीएम मोदी ने कहा कि हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट, हमारे भारत में हैं। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का ही उदाहरण है। राजनीति का मैदान हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या फिर पुलिस, देश के हर सेक्टर में, हर आयाम में महिलाओं का परचम लहरा रहा है। 2014 के बाद से अब तक करीब 3 करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बन चुकी हैं। आज पूरी दुनिया में जल जीवन मिशन की भी बड़ी चर्चा है। जल जीवन मिशन के जरिए आज देश के गांव-गांव में पानी पहुंच रहा है। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं उसमें एक पंक्ति और जोड़ता हूं कि ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है। सुरक्षा की कमान महिला पुलिस अधिकारी के हाथों में- नवसारी के वानसी-बोरसी में हुए कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाएं महिला पुलिस कर्मी व कर्मचारियों के हवाले रहीं। कुल 2,165 कांस्टेबल, 187 इंस्पेक्टर, 61 सब-इंस्पेक्टर, 19 डीएसपी, पांच डीएसपी, एक पुलिस महानिरीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक की अधिकारियों ने पीएम मोदी के पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभाली। सरकारी सूत्रों के मुताबिक यह कार्यक्रम पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि कानून और व्यवस्था के सभी पहलुओं के साथ-साथ कार्यक्रम की व्यवस्था महिला पुलिस अधिकारी के हाथों में रही। 2,587 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास- पीएम मोदी ने इससे पहले गुजरात को 2,587 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात भी दी। शुक्रवार को पीएम ने सिलवासा में 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने सायली स्टेडियम से 62 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया।

### नारी सम्मान, विकसित भारत की पहली सीढ़ी, गुजरात में बोले पीएम मोदी; लखपति दीदियों को बांटे 450 करोड़



## संक्षिप्त समाचार

### जेपी नड्डा ने की घोषणा, दिल्ली में महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये महीना

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। नरेंद्र मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया।सीएम रेखा ने कहा कि एक कमेटी बनाई गई है। इसमें कपिल मिश्रा, आशीष सूद और प्रवेश वर्मा को शामिल किया गया। है एक पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। वहीं आशीष सूद ने कहा कि जल्द ही पोर्टल शुरू हो जाएगा। यह पूरी तरह से पारदर्शी काम होगा। इस योजना को लागू करने के लिए पूरीतेजी से कम। वहीं आम आदमी पार्टी पर उन्होंने कहा कि आप हमेशा आरोप लगाती रहती है यह ना होता तो कुछ और आरोप लगाती रहती।दिल्ली सरकार ने महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए %महिला समृद्धि योजना% को मंजूरी दिए जाने पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए एक वर्ष के लिए 5100 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। अब हम पंजीकरण शुरू करेंगे और इस योजना को लागू किया जाएगा।कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है। रेखा गुप्ता बता रही थी कि उन्हें घर से उठा कर सार्वनिजक काम में जोड़ा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारी शक्ति का विकास होता है तो दुनिया आगे बढ़ती है।

## कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं, कई बब्बर शेर, लेकिन बंधे हुए, राहुल ने पार्टी को दिखाया आईना



राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के संगठनों में कई तरह का विभाजन है। उन्होंने कहा कि एक जनता की इज्जत करता है, जनता के मुद्दों के लिए आवाज उठाता है, उसके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। दूसरा गुट जनता की इज्जत नहीं करता है। इसके लोग भाजपा से मिले हुए हैं।

राहुल गांधी ने आज अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया।

राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहि। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं। लेकिन पार्टी में दो गुट हैं। एक जनता के साथ है, जबकि दूसरा जनता से दूर है।गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा, %उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहे। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के कार्यकर्ता सम्मेलन में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल ने कहा कि %कल वरिष्ठ नेताओं, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात की। बकौल राहुल गांधी, %मेरा लक्ष्य था- आपके दिल की बातें जानना और समझना था। इस बातचीत में संगठन, गुजरात की राजनीति और यहां की सरकार के कामकाज से जुड़ी बहुत सी बातें सामने आईं। लेकिन मैं यहां सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया हूं, बल्कि प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए आया हूं।%राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के संगठनों में कई तरह का विभाजन है। उन्होंने कहा कि %एक जनता की इज्जत करता है, जनता के मुद्दों के लिए आवाज उठाता है, उसके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। दूसरा गुट जनता की इज्जत नहीं करता है। इसके लोग भाजपा से मिले हुए हैं। राहुल के इतना कहते ही पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों तरह के पार्टी नेताओं को जब तक अलग-अलग नहीं किया गया, यहां की जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकती। %20-30 लोगों को निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए%- राहुल गांधी ने कहा कि %कांग्रेस पार्टी में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं, लेकिन पीछे से चेन लगी है और बब्बर शेर बंधे हुए हैं। एक मेरी बैठक हो रही थी, जिसमें एक कार्यकर्ता ने कहा कि दो तरीके के घोड़े होते हैं, एक होता है रेस का और दूसरा होता है बारात का।

कांग्रेस पार्टी बारात के घोड़े को रेस में, और रेस के घोड़े को बारात में डाल देती है। अब गुजरात की जनता भी ये देख रही है कि रेस में बारात के घोड़े डाले हुए हैं।% राहुल गांधी ने कहा कि %पहला काम हमें ये करना है कि हमें पार्टी के भीतर जो गुटबाजी है, उसे अलग करना है और इसके लिए 20-30 लोगों को निकालना पड़े तो निकाल देना चाहिए।

## नोएडा में आईटी कंपनियों का लोकार्पण, शारदा अस्पताल में योगी बोले-अब नहीं जाना होगा एम्स

मुख्यमंत्री योगी ने नोएडा के सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर का भूमि पूजन किया। सीएम योगी ने सेक्टर-132 में सिफी के डाटा सेंटर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के दादरी में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। ग्रामीणों ने सीएम योगी को पगड़ी पहनाई और तलवार सौंपी।ग्रेटर नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप की मूर्ति का लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा, दादरी विधायक तेज पाल नागर, चेयरमैन अमित चौधरी के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कहा कि कोविड में शारदा ने काफी लोगों की मदद की है। 400 बेड कोविड में शारदा ने रखे। दिल्ली के मरीज भी यूपी में आए। प्रदेश के कई जनपद में मरीज पहुंचे। दिल्ली से मरीज गाजियाबाद, बागपत, शामली में भी गए। अंत में सीएम योगी ने प्रदेश के सभी लोगों को होली की बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि शारदा विश्वविद्यालय के पास 600 बेड अतिरिक्त अस्पताल होने के साथ कुल 1200 बेड हो गए हैं। सभी सुपर स्पेशियलिटी सुविधा हैं। यूपी के वासियों को अन्य जगह जाने पर मजबूर होना पड़ता था। वह अब ग्रेटर नोएडा में इलाज करा सकेंगे। धन की कमी नहीं अच्छे संस्थान की जरूरत है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश में जनपद गौतबुद्ध नगर सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। शारदा अस्पताल ने अच्छे प्रयास किए हैं। अब कोई बाहर नहीं जाएगा। टाटा अस्पताल से जब सूची मंगाई जाती है तो उसमें 30 प्रतिशत यूपी और बिहार के होते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में भारत उभर रहा है। महाकुंभ में 66 करोड़ 33 लाख लोगों ने डुबकी लगाई। देश और विदेश से श्रद्धालु प्रयागराज आए। सुविधा की परवाह किसी ने भी नहीं की। हमने सोचा था कि एक करोड़ से कम लोग ही आएंगे। 1.5 से 2 करोड़ लोग आए। हमारी पार्किंग का स्पेस कम पड़ गया। विदेश और देश के लोग खुश होकर गए। टूरिज्म में भारत को दुनिया देख रही है। सीएम योगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। हर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लग रहा है। 10 करोड़ आयुष्मान योजना से जुड़ गए है। प्रदेश में सभी आशा वर्कर,आंगनवाड़ी, गांव के चौकीदार का पांच लाख का बीमा किया जा रहा है।शारदा विश्वविद्यालय में सीएम योगी ने कहा कि तीन मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल पर बने है। नए मेडिकल कॉलेज महराजगंज,संभल और शामली में बन कर तैयार हो गए हैं। छह जनपद में ही मेडिकल कॉलेज नहीं है। जहां जल्द बनाए जाएंगे। दो एम्स रायबरेली और गोरखपुर में चल रहे हैं। हर जनपद में सीटी और एमआराई की व्यवस्था शुरू हुई है।



## संपादकीय Editorial

### For economic improvement

The desire to move ahead in the list of identified intentions changed the content, this is the story of a new era, all experiments will have to be changed. There will be many problems, flaws and faults in politics, but some light is needed in the display of power. In Himachal, the debate looks at every journey of politics with open eyes and that is why the governments have to live in the open book of reality. Here, in the measurement of applications, messages of economic energy have been heard from the center and the objectives fighting the ironies of the mountains are counted. Actually, in the struggle for mountain identity, if YS Parmar made a bouquet of politics by connecting the hill states, then the economic account of Himachal as a state also got added. The steps of progress kept being laid, but the doors of economic prosperity did not open completely. As a result, the economic account kept increasing in every phase of action and reaction. Despite this, the governments kept distributing sweet pills instead of taking bitter decisions. In this context, the debt burden on the state has become so heavy that now arrangements will have to be made for the 'financial recovery' of the state. Every Chief Minister has made arrangements in his own way, but where the shackles seek relief in the electoral scene, the wounds of generosity kept increasing. When the Congress linked this reality with guarantees, the government has to pay the price of the treasury in the pursuit of power. Actually, the politics of Himachal did not allow the economic blueprint to be made and now the problem is that the state has to deal with a big void in the scales of the Center, that is, before seeking justice, lamps will have to be planted in its own sources. A phase of searching for lamps had started during the Shanta Kumar regime and now the needs are making the Sukhwinder Sukhu government work hard. The land on which Shanta Kumar had announced strict measures, today the same barren land is being dug again. Some decisions have come, against which instructions started coming, strict steps were necessary in your existence. Sukhu government will have to save something, gain something and improve something. In this context, this government is also struggling to some extent to cut down financial bills, delay in expenditure and to bridge the countless gaps in the routine. Obviously, in such a scenario, the politics of opposition will not have any ill effect and the tongue will not falter in every cross-examination. It remains to be seen how strong the budget exercises are from the center or to what extent private investment compensates for economic cooperation. Anyway, the government is continuing to search for resources in its own blueprint and with this hope, efforts are being made to join hands with private investment in tourism, green energy, dairy, data storage, food processing and hydropower projects. On Wednesday, in this context, possibilities arose when an agreement was signed with a Chandigarh company on the Green Hydrogen project at a cost of Rs 1400 crore. On the other hand, there was a meeting of possibilities between UAE Ambassador Dr. Abdul Nadir Alshali and Chief Minister Sukhvinder Sukhu. UAE is showing interest in various sectors for investment and Himachal has advocated for it in this regard. Needless to say, Himachal is ready for new investment. Earlier, the Jairam government had tried to fill its economic scale by organizing investor meets, but neither tourism was a big step nor other sectors saw growth. It is because of political challenges on the path of investment that projects like Ski Village, Una SEZ Aviation and Waknaghat have not been completed till date. Even Devta Samaj had protested against Ski Village, the biggest tourism project.

# India witnesses AI revolution, industries are getting a new shape with global potential

Instead of relying only on law to address AI-related risks, the government is investing in measures related to technical security. AI is reshaping global industries. Therefore, India's approach is clear - to leverage technology for inclusive growth and at the same time maintain a regulatory structure that promotes innovation. A small farmer in Baramati, Maharashtra is engaged in redefining the rules of agriculture through Artificial Intelligence (AI). With the use of AI, we are witnessing something extraordinary here, reduced use of fertilizers, better water resources and increased yield. This is just a glimpse of India's AI-driven revolution. Technology and innovation are no longer limited to laboratories, but are transforming the lives of common citizens. In many ways, this farmer's story is a microcosm of a much bigger change. This microcosm is our departure towards a developed India by 2047. India is shaping its digital future by focusing on Digital Public Infrastructure (DPI), AI, semiconductor and electronics manufacturing. For decades, India has been a global leader in software, but it is now making great strides in hardware manufacturing as well. Five semiconductor plants are under construction, strengthening India's role in the global electronics sector. Today, electronics products are among our top three exports and this year India's first 'Make in India' chip will be launched, which will prove to be a milestone in India. While semiconductors and electronics are the backbone of India's technological revolution, DPI serves as the driving force that drives it forward. India is democratizing AI by making it accessible to all through such AI infrastructure. A major initiative in this regard is India's Common Compute Facility with over 18,000 graphics processing units (GPUs). Available at a subsidised cost of less than Rs 100 per hour, the initiative will ensure that the facility is accessible to all stakeholders. The initiative will facilitate access to GPUs to develop AI-based systems, including foundational models and applications. India is also developing large-scale de-personalised anonymised datasets to train AI models on diverse and high-quality data. The initiative will help reduce biases and improve accuracy, making AI systems more reliable and inclusive. These datasets will power AI-powered solutions in various sectors such as agriculture, weather forecasting and traffic management. The government is supporting the development of India's own infrastructure models. This includes large language models (LLMs) and problem-specific AI solutions tailored to Indian needs. Several centres of excellence have also been set up to promote AI-related research. India's pioneering work in DPI has significantly shaped the global digital landscape. India's public-private approach, rather than a corporate or state-controlled model, uses public funding to build platforms such as UPI and DigiLocker. The private sector builds user-friendly, application-specific solutions on top of DPI and innovates. This model is now being supercharged with AI. These smart solutions are being used on financial and governance platforms like UPI and DigiLocker. Global interest in India's DPI architecture was evident at the G-20 Summit, where various countries expressed their desire to replicate the model. Japan has granted a patent to India's UPI system, which is a testimony to its comprehensiveness. India has leveraged its DPI and AI-powered management for seamless operation of Maha Kumbh 2025. AI-powered tools monitored the movement of railway passengers in real-time to control crowds at railway stations in Prayagraj. Bhashini integrated into the Kumbh Sahayak chatbot provided voice-based lost-and-found facility, instant translation and multilingual assistance for all. Collaboration with departments like Indian Railways and Uttar Pradesh Police streamlined the communication system for quick resolution of problems. By leveraging DPI, Maha Kumbh 2025 set the global benchmark for tech-enabled management. India's workforce is at the heart of its digital revolution. The country is adding a Global Competence Centre (GCC) every week, reinforcing its position as a preferred destination for global research and technological development. However, sustaining this growth will require continued investment in education and skills development. The government is addressing this challenge by transforming university curricula to include AI, 5G and semiconductor design, as per the National Education Policy. This will ensure that graduates enter the workforce with job-ready skills, thereby bridging the gap between education and employment. India is building a future-ready workforce. Its AI regulatory structure fosters innovation while ensuring responsible use. A 'rigid' regulatory structure risks stifling innovation and a 'market-driven governance' often risks concentrating power in the hands of a few. Hence, India is adopting a pragmatic approach. Rather than relying solely on legislation to address AI-related risks, the government is investing in technological safety measures. AI is reshaping global industries. So India's approach is clear - to leverage technology for inclusive growth while maintaining a regulatory structure that fosters innovation. Beyond policies and infrastructure, this transformation is about our people. The private sector builds user-friendly, application-specific solutions on top of DPI and innovates. This model is now being supercharged with AI. These smart solutions are being used on financial and governance platforms like UPI and DigiLocker. Global interest in India's DPI architecture was evident at the G-20 Summit, where various countries expressed their desire to replicate the model. Japan has granted a patent to India's UPI system, which is a testimony to its comprehensiveness. India has leveraged its DPI and AI-powered management for seamless operation of Maha Kumbh 2025. AI-powered tools monitored the movement of railway passengers in real-time to control crowds at railway stations in Prayagraj. Bhashini integrated into the Kumbh Sahayak chatbot provided voice-based lost-and-found facility, instant translation and multilingual assistance for all. Collaboration with departments like Indian Railways and Uttar Pradesh Police streamlined the communication system for quick resolution of problems. By leveraging DPI, Maha Kumbh 2025 set the global benchmark for tech-enabled management. India's workforce is at the heart of its digital revolution. The country is adding a Global Competence Centre (GCC) every week, reinforcing its position as a preferred destination for global research and technological development. However, sustaining this growth will require continued investment in education and skills development. The government is addressing this challenge by transforming university curricula to include AI, employment. India is building a future-ready workforce. Its AI regulatory structure fosters innovation while ensuring responsible use. A 'rigid' regulatory structure risks stifling innovation and a 'market-driven governance' often risks concentrating power in the hands of a few. Hence, India is adopting a pragmatic approach. Rather than relying solely on legislation to address AI-related risks, the government is investing in technological safety measures. AI is reshaping global industries. So India's approach is clear - to leverage technology for inclusive growth while maintaining a regulatory structure that fosters innovation. Beyond policies and infrastructure, this transformation is about our people.

# Voters will get rid of the problem of their identity and EPIC number being the same

This argument is more than hollow that this will violate the right to privacy. After all, it is not as if this will tell who voted for whom? Although the Election Commission has resolved the doubts raised about the same EPIC number in different states, it would be appropriate that it be given the right to link voter ID cards with Aadhaar cards. It is commendable that the Election Commission is taking the initiative to provide unique identity to voters. This will not only provide relief from the problem of voter photo identity card i.e. EPIC number being the same in different states, it will also be easy to trace a voter if he settles elsewhere, but along with this, it is also the need of the hour to make such arrangements that if a voter is somewhere else from his place of residence, he can use his right to vote there as well. Making such arrangements has become necessary because now a large number of people go to other places for work, business, studies. Among them, there are a large number of people who start living there temporarily. Such people can exercise their right to vote during elections only when they return to the place where they are registered as voters. Since it is not possible for everyone to do so, they are unable to vote even if they wish to. It should not be overlooked that this is also one of the reasons for the low voting percentage. Now when steps are being taken towards simultaneous elections, it must be thought about how voters can vote from anywhere in the country? For this, if necessary, voter ID cards should be linked to Aadhaar cards. Right now this system is voluntary. At one time, an initiative was taken to link voter ID cards to Aadhaar cards, but some political parties raised objections to it and an important initiative came to a halt. It is difficult to understand why some parties have objections to linking voter ID cards to Aadhaar cards? After all, what is the justification for creating obstacles in making voting rights easy? If Permanent Account Number (PAN) card and other documents including mobile SIM can be linked to Aadhaar to bring transparency and prevent fraud, then why should voter ID cards not be linked, and that too when it will help in detecting fake voters? There seems to be no logical basis for opposing a work that can help in preventing fake voting. The argument that it will violate the right to privacy is more hollow. After all, it is not as if it will reveal who voted for whom? Although the Election Commission has resolved the doubts raised regarding the same EPIC number in different states, it would be appropriate that it be given the right to link voter ID cards to Aadhaar cards. This will facilitate the voters, curb fake voting and increase the voting percentage.



# बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

मुरादाबाद- मंगलवार को पुलिस चौकी जलालपुर के सामने गांव कूरी में बदमाशों ने बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को निशाना बनाते हुए नकदी व सामान लूट ली और फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव सौदासपुर निवासी युवक कमलकांत प्रतिदिन की भांति मंगलवार को सुबह 9-30




बजे प्रथमा यूपी ग्रामीण ग्राहक सेवा केंद्र पड़ोसी गांव कूरी गया हुआ था। दुकान का शटर खोलकर अंदर गया तो पीछे से आए तीन नकाबपोश बदमाश शटर बंद करके कमलकांत को पीटने लगे और धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार कर कमलकांत को लहूलुहान कर दिया। कमलकांत बेहोश होकर गिर गया। बदमाश एक लैपटॉप, मोबाइल सेट, बैंक के जरूरी कागजात ,आधार कार्ड, एक लाख का कैश लूटकर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। । दिनदहाड़े की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। क्षेत्र वासियों ने एकत्र होकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हंगामा व प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। परिजन घायल को लेकर मुरादाबाद स्थित निजी चिकित्सालय आ गए। उपचार मिलने पर कमलकांत की हालत में सुधार है। इस बीच शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे गांव सरकड़ा की पुलिया पर थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव दौलपुरी निवासी बदमाश नईम बुद्धा उर्फ अब्दुल अंसारी, थाना भोजपुर क्षेत्र गांव शाहपुर निवासी नसीम डकैती की योजना बना रहे थे। गश्त कर रही पुलिस ने बदमाशों को ललकारा तो वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई जिसके कारण पुलिस की गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी लाया गया जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# हर हाल में शिक्षा हासिल कर जीवन में सफलता की डगर पर आगे बढ़ें बेटियां

प्रशासनिक सेवा में आकर साबित कर रहीं दक्षता, बेटियों को आत्मनिर्भर बनने को कर रहीं प्रेरित

मुरादाबाद-शिक्षा के बिना जीवन में सफलता मुश्किल से मिलती है। बात जब बेटियों की हो तो यह जिम्मेदारी और बड़ी हो जाती है। क्योंकि उनकी उच्च शिक्षा का लाभ एक नहीं दो परिवारों को मिलता है। शिक्षा के दम पर ही बेटियां अपने को आत्मनिर्भर बनाकर दूसरों की भी मददगार हो सकती हैं। इन बातों को आज की बेटियां बखूबी चरितार्थ कर रही हैं। जिले में बेटियां प्रशासनिक सेवा की स्तंभ बनी हैं। एक नहीं कई पदों पर बैठी आधी आबादी अपनी दक्षता से खुद को साबित कर रही है।



इन्हीं में से एक हैं ठाकुरद्वारा तहसील की उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह। मूलरूप से गोरखपुर जिले के बांसगांव की रहने वाली प्रीति सिंह 2011 में प्रशासनिक सेवा में आईं। उनकी पहली तैनाती कुशीनगर जिले में हुई। वह कहती हैं आज का दौर बेटियों का है। आज बेटियां पढ़ लिखकर खुद को साबित कर रही हैं। उनका कहना है कि आज भी ग्रामीण परिवेश में बेटियों की शिक्षा पर गंभीरता नहीं है। लेकिन, अभिभावकों को चाहिए कि वह अपनी बेटियों को खूब पढ़ाएं। क्योंकि शिक्षित नारी ही समाज को नई व सही दिशा दे सकती है। वह मुरादाबाद में डिप्टी कलेक्टर के पद पर आईं। बाद में जिला कार्यक्रम अधिकारी का दायित्व निभाया। फिर उन्हें उप जिलाधिकारी ठाकुरद्वारा की जिम्मेदारी मिली। जिसे वह बखूबी निभाकर अपनी प्रशासनिक दक्षता साबित कर रही हैं। वह आज भी बेटियों की शिक्षा पर जोर देती हैं। उनका कहना है कि बिना पढ़े जीवन में सही राह पर चलना काफी कठिन है। प्रशासनिक सेवा में आने की प्रेरणा के सवाल पर वह कहती हैं उनके परिवार ने प्रेरित किया जिसके बाद वह इस क्षेत्र में आईं। क्योंकि इसके माध्यम से न सिर्फ अपने को साबित कर सकते हैं बल्कि दूसरों की सेवा व सहायता कर उनको आगे बढ़ाने में अपने नागरिक कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर सकते हैं।

# दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचे मंत्री असीम अरुण, दलित किशोरी के हाथ पर लिखा ओम तेजाब से जलाने और जबरन मांस खिलाने का भी आरोप

मुरादाबाद- प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण कई विधायकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ दुष्कर्म पीड़िता दलित किशोरी के घर भगतपुर थाना क्षेत्र में मिलने पहुंचे हैं। दो महीने तक चार आरोपियों के द्वारा दुष्कर्म करने और गौमांस खिलाने और हाथ पर लिखे %ओम% को तेजाब डाल कर मिटाने जैसे आरोप में चार मुस्लिम युवकों के खिलाफ परिवार के द्वारा थाना भगतपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जहां पुलिस ने तीन आरोपी



सलमान, आरिफ और रशीद को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एक आरोपी अभी फरार है। बड़ी संख्या में इलाके में पुलिस बल तैनात है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह मौके पर मौजूद है। भगतपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने दो मार्च को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय भतीजी बीती 2 जनवरी को कपड़े सिलवाने के लिए बाजार वाले रास्ते से टेलर की दुकान पर जा रही थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान गांव के ही चार युवकों ने कार में खींच कर उसे अगवा कर लिया। आरोपी किशोरी को एक कमरे पर ले गए और नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार वह जब भी होश में आती तो आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करते और बंधक बनाकर रखे रहे। उसे जबरन भैंस और गोवंशीय पशु का मांस भी खिलाया। इतना ही नहीं हाथ पर बना ओम का निशान भी तेजाब डाल कर मिटा दिया। करीब दो माह बाद दो मार्च को पीड़ित किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची तब वारदात का पता चला।

# सरकारी अस्पतालों में भर्ती करें मरीज, उपलब्ध कराएं दवाएं...उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट अस्पताल से बेहतर सुविधाएं हैं फिर भी निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़, इस परिदृश्य को बदलना है- उप मुख्यमंत्री

मुरादाबाद- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में स्वास्थ्य विभाग के




अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में की। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह से स्वास्थ्य उप केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में 324 स्वास्थ्य उप केंद्र है। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य आरोग्य मंदिर में दवाओं के उपलब्धता के मानक की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी से मांगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र पर दवा उपलब्ध न करा पाने में कमी पर नाराजगी जताई। जांच की जानकारी ली। उन्होंने 324 स्वास्थ्य केंद्र के क्रियान्वयन व स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री ने सीएचसी पर मरीजों के भर्ती की स्थिति की जानकारी ली। सीएचसी पर 30 बेड पर कम मरीज भर्ती होने का कारण पूछा। इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पताल मरीजों से भरे हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी पर मरीज कम पहुंच रहे। इस पर चिंता जताई। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या की जानकारी उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डा. संगीता गुप्ता से पूछा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 1500 के करीब ओपीडी होती है। उप मुख्यमंत्री ने आशा वर्कर के प्रोत्साहन राशि का समय से भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षयरोगियों को अधिक से अधिक जन प्रतिनिधियों से टीबी के मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण की जिम्मेदारी देने के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री ने महिला अस्पताल की सीएमएस से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की रखवाली सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा चिन्हित अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला अस्पताल में सर्जरी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल के गेट पर आउटसोर्सिंग से तैनात व्यवहार कुशल कर्मचारी को तैनात कर मरीजों को अटेंड कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों और मीडिया के साथियों के माध्यम से आए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए कहा। जिससे जनता में बेहतर इलाज की जानकारी जनता तक पहुंच सकें। क्योंकि सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट अस्पताल से बेहतर सुविधाएं हैं फिर भी निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ है। इस परिदृश्य को बदलना है, सभी इसके लिए मिलकर कार्य करें।

# फुलवन मा महक तुम्हीं से है...स्वयं सहायता समूह बनाकर दो महिलाओं ने फूलों की खेती से बदली दर्जनों महिलाओं की किस्मत

मुरादाबाद-समाज की बेड़ियां तोड़कर मुरादाबाद जिले के उमरा गोपालपुर की पिंकी व पूनम स्वयं सहायता समूह के जरिए राष्ट्रीय व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर फूलों की महक बिखेर रही हैं। इनके समूह द्वारा उगाए फूलों की बिक्री मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली व उत्तराखंड की मंडी में होती है। पिंकी ने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा था। लेकिन, उन्होंने इसे अभिशाप नहीं बनने दिया। समूह सखी का सानिध्य पाकर उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से शिव स्वयं सहायता समूह गठित किया। घर की दहलीज से बाहर कदम निकाला तो पति ने भी संबल दिया। आज उनके समूह में 11 महिलाएं जुड़ी हैं। उनके खेत में उगे फूलों की बिक्री मुरादाबाद, बरेली बाजारों में हो रही के साथ उत्तराखंड के है। पिंकी बताती हैं कि वह चार बीघा क्षेत्रफल में गेंदा, जाफरी व मार्गेट के फूलों खेती कर रही हैं। पिंकी की तरह ग्राम पंचायत उमरा गोपालपुर में स्नातक शिक्षित पूनम सैनी भी महिलाओं के लिए नजीर हैं। घर की डांवाडोल आर्थिक स्थिति बदलने के लिए उन्होंने खुद को सशक्त करने की ठानी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर अटल बिहारी वाजपेयी स्वयं सहायता समूह गठित किया। फूलों की खेती शुरू की। इसके बाद गांव में समूह सखी की भूमिका निभाकर दो अन्य समूहों का गठन कराया। पूनम बताती हैं कि गेंदा, सजावटी गेंदा, गुलाब, गुलदावरी आदि फूलों को अब गांव में ही ट्रांसपोर्ट के जरिए बिक्री के लिए गाजियाबाद, दिल्ली, बरेली, मुरादाबाद की मंडी में भेजा जाता है।



## संक्षिप्त समाचार

# यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, हिज्बुल मुजाहिदीन का आतंकी जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार...18 साल से थी तलाश



मुरादाबाद- यूपी एटीएस ने 18 साल से फरार हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी को जम्मू एंड कश्मीर से गिरफ्तार किया है। आतंकी जनपद पूंछ, जम्मू एंड कश्मीर का रहने वाला है। बताया गया की मुरादाबाद पुलिस ने आतंकवादी उल्फत हुसैन पर 25000 का इनाम घोषित कर रखा था। उल्फत हुसैन मुरादाबाद के थाना कटघर से एक मुकदमे में फरार चल रहा था। उल्फत हुसैन पुत्र हाजी अताउल्लाह खान , ग्राम फजलाबाद, सुरनकोट, जिला पूंछ जम्मू एंड कश्मीर का मूल निवासी है और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। आतंकवादी उल्फत हुसैन शस्त्र अधिनियम, पोटा, व सीएल एक्ट में मुरादाबाद के थाना कटघर से वांछित है। जमानत पर छूटने के बाद वो फरार गया था। मुरादाबाद कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। 2001 में भी पकड़ा गया था उल्फत हुसैन- आतंकवादी उल्फत हुसैन वर्ष 2001 में मुरादाबाद आया था और इसे 9 जुलाई को गिरफ्तार कर इसके पास से एक एके-47, एक एके 56 सहित दो पिस्टल 12 हैंड ग्रेनेड, 39 टाइमर 50 डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया था।

# किशोरी से गैंगरेप के दो और आरोपी गिरफ्तार, चौथा फरार

## मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार करके भेज चुकी है पुलिस

मुरादाबाद-भगतपुर थाना पुलिस ने किशोरी को अगवा कर बंधक बनाकर गैंगरेप करने और तेजाब से उसके हाथ पर बना ओम का निशान मिटाने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। चौथे आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि भगतपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने दो मार्च को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय भतीजी बीती 2 जनवरी को कपड़े सिलवाने के लिए बाजार वाले रास्ते से टेलर की दुकान पर जा रही थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान गांव के ही चार युवकों ने कार में खींच कर उसे अगवा कर लिया। आरोपी किशोरी को एक कमरे पर ले गए और नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार वह जब भी होश में आती तो आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करते और बंधक बनाकर रखे रहे। उसे जबरन भैंस और गोवंशीय पशु का मांस भी खिलाया। इतना ही नहीं हाथ पर बना ओम का निशान भी तेजाब डाल कर मिटा दिया। करीब दो माह बाद दो मार्च को पीड़ित किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची तब वारदात का पता चला। इसके परिजन उसे लेकर थाने पर पहुंचे और तहरीर दी। एसपी देहात ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सलमान, जुबैर, राशिद और आरिफ के खिलाफ अपहरण, गैंगरेप, मारपीट, धमकी देने और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। सलमान को बुधवार को ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को थाना भगतपुर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल की टीम ने आरोपी राशिद और आरिफ को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वारदात में शामिल चौथे आरोपी जुबैर की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। वहीं समाज कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे।

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सीडीओ अपराजिता सिंह को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेड क्रॉस द्वारा सम्मानित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

जनपद शाहजहांपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह को उनके सरकारी आवास जाकर दिवस का प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सोसाइटी के सचिव डॉ0 विजय जौहरी ने बताया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय भारतीय, सांस्कृतिक,




आर्थिक राजनीतिक, सीमाओं में उनकी उपलब्धियां के लिए मान्यता दी जाती है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए समानता अधिकार, सशक्तिकरण आज रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए यह गर्व की बात है कि सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति महिला है एवं प्रदेश अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल महिला है एवं जनपद की मुख्य विकास अधिकारी साफ छवि की महिला है उनके सम्मान से महिला सशक्तिकरण को गति प्रदान होगी। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव डॉ0 विजय जौहरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक इमरान खान, आजीवन सदस्य अल्पना श्रीवास्तव, पारुल गुप्ता, डॉ0 हेमेंद्र वर्मा, डॉ0 सलीम, साजिद खान, अवनीश सक्सेना, अग्रज जोहरी आदि लोग उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला प्रबंधन समिति सदस्य अनुज जौहरी ने दी।

# शेखा झील से जलकुंभी हटाए जाने के साथ ही पक्षियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित हैबिटेट के निर्देश दिए

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ डीएम ने शेखा झील का किया निरीक्षण शेखा झील की वर्षभर उपयोगिता बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा शनिवार को शेखा झील पक्षी विहार का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया ।इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ नवीन प्रकाश शाक्य उपस्थित रहे। डीएम ने शेखा झील पक्षी विहार के प्रस्तावित विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने शेखा झील के



सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने विशेष रूप से जलकुंभी की सफाई को लेकर विशेष बल दिया देते हुए पक्षी विहार में मौजूद पक्षियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित हैबिटेट के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने शेखा झील की वर्षभर उपयोगिता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं विस्तृत योजना बनाए जाने की भी बात कही। इसके साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एवं शेखा झील पक्षी विहार के वृहद प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि शेखा झील पक्षी विहार के निकट खाली स्थान पर पर्यटन से संबंधित सुविधाओं को विकसित करने की योजना बनाई जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरव सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजश्री कालेज में चल रही दो दिवसीय इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस का समापन: बीटा जनेशन में ए0आई0 का रहेगा दखल

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एंड टैक्नोलॉजी, बरेली में *''एम्पॉवरिंग जेन एल्फा एण्ड बीटा: ए0आई0ड्रिवेन एजुकेशनल सिस्टम'' विषय पर चल रही दो दिवसीय इंटरनेशनल




कान्फ्रेंस का समापन किया गया। जिसमें एकत्रित विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने निष्कर्ष स्वरूप बीटा जनरेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उन्नत तकनीकि जीवन की आधार शिला रहने की सम्भावना व्यक्त की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण विश्व में आर्थिक वृद्धि अथवा युद्ध स्तर पर जनरेशन बीटा उन्नत विकास दर में सहायक होगी। आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस के अधिकतम अनुप्रयोग वाले देश वैश्विक नेतृत्व में शीर्षस्थ होंगे। संस्थान के प्रबन्धक निदेशक रोहन बंसल ने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंनस के क्षेत्र में शोध कर रहे ।शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से संचालित शैक्षणिक गतिविधियों में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कान्फ्रेंस के द्वितीय दिवस पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में प्रस्तुत किये गये शोध पत्रों में सेन्ट जैबियर्स कॉलेज, मैटीगढ़, नेपाल के टेकराज ओझा द्वारा एन्टिबायोटिक ससेप्टिबिलिटी पैटर्न ऑफ स्यूडोमोनास एर्यूगिनोजा, बिन्दु पन्त द्वारा फैक्टर्स इन्फ्लूएन्सिंग मैमेलियन कम्युनिटी ऑकुपेन्सी इन धौरपटन हण्टिंग रिजर्व व शुभम वर्मा द्वारा न्यूरोफजीज एम0पी0पी0टी0 फार सोलर फोटो वोल्टाइक सिस्टम पर प्रस्तुति सराहनीय रही। साथ ही आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स का प्रयोग कर अध्ययन, विश्लेषण व प्रभावों में सुगमता व उन्नतशीलता पर चर्चा की गई। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। समन्वयक डॉ0 रूचिन जैन ने आये हुये अतिथियों, शोधार्थियों के साथ कान्फ्रेंस के सफल आयोजन में सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कान्फ्रेंस में संस्थान के डीन प्रो0 साकेत अग्रवाल, निदेशक प्रो0 पंकज कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, डॉ0 रवीश अग्रवाल, अनुज वर्मा, डॉ0 सी0पी0 गंगवार, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 अंकित अग्रवाल, वैशाली भारद्वाज, अनामिका गंगवार, मानसी सिंह आदि का सहयोग रहा। संचालन डॉ? नितिन विष्ट ने किया।

# अपने साहस व परिश्रम के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं- जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व नेहरू युवा मंडल महमदपुर आजमाबाद के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन आर्य महिला डिग्री कॉलेज में हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा ममता यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्षा शिल्पी गुप्ता उपस्थित रहीं। जिहोंने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात




जिला युवा अधिकारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा कि आज महिलाएं अपने साहस, परिश्रम व समर्पण से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही और पुरुषों के बराबर भागीदारी निभा रही हैं। विशिष्ट अतिथि शिल्पी गुप्ता ने कहा कहा कि महिला सशक्तिकरण के पीछे पुरुषों का भी बहुत बड़ा योगदान है। जिन्होंने उन्हें समाज के हर क्षेत्र में स्वतंत्रता से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर हरसंभव सहयोग किया है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस वर्ष के थीम पर प्रकाश डाल कर सभी बालिकाओं को जीवन मे अपना लक्ष्य तय कर निरन्तर मेहनत, समर्पण व सकारात्मक ऊर्जा से उसे प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में समाजसेवी रम्मन गुप्ता, डॉ नम्रता लता, डॉ रजनी सिंह, डॉ शचि अग्रवाल, डॉ सारिका अग्रवाल, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ निदा शाहिद, डॉ श्वेता सक्सेना, पारुल यादव,फरिया, शगुन, अपूर्वा, हिमांशु सक्सेना, सुमित मिश्रा सहित भारी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं व स्टॉफगण उपस्थित रहे।

# बीएल कामधेनु फॉर्म का उद्घाटन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली ,बीएल एग्रो ने गाय प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी के लिए बीएल कामधेनु परियोजना में 1000 करोड़ रुपये का निवेश किया; इसका उद्देश्य 5000 किसानों को लाभान्वित करने वाली सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है 'बीएल कामधेनु' बीएल एग्रो की विस्तार योजना का एक हिस्सा है। इसका लक्ष्य कृषि खाद्य पदार्थों से लेकर दूध प्रसंस्करण, चारा निर्माण और अंततः संपीड़ित बायोगैस उत्पादन तक विस्तार करना है।उत्तर प्रदेश, बरेली, 8 मार्च, 2025- भारत की अग्रणी स्त्रस्ष्ट्त कंपनी बीएल एग्रो ने आज उत्तर प्रदेश के बरेली में बीएल कामधेनु फार्म का उद्घाटन किया, जिसमें गाय प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी के लिए अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र शामिल होगा। कंपनी शुरू में इस परियोजना में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इसका लक्ष्य एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था बनाना है जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों को लाभ होगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहा, 卐हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि बीएल कामधेनु मवेशी प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी में सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसंधान, प्रशिक्षण और कार्यान्वयन के लिए केंद्र बिंदु के रूप में काम करेगी। परियोजना में शुरुआती निवेश लगभग 1,000 करोड़



रुपये है और पूरी परियोजना पूरी क्षमता पर आने के बाद 3,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। हमारा मुख्य ध्यान टिकाऊ और एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था बनाने पर रहा है जो कृषि अपशिष्ट को कम करता है और स्थानीय समुदाय को बढ़ावा देता है। गाय प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी के लिए हमारे अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र का उद्देश्य न केवल दूध उत्पादन को बढ़ाना और नस्ल की गुणवत्ता में सुधार करना होगा, बल्कि किसानों को अधिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने में भी मदद करना होगा। जहां बीएल कामधेनु मवेशी प्रजनन पर ध्यान केंद्रित करेगी, वहीं लीड्स एग्री जेनेटिक्स पौधों और पशु आनुवंशिकी की दिशा में काम करेगी। इनमें स्वदेशी पशुधन नस्लों और विरासत फसल किस्मों को संरक्षित और संवर्धित करना, ऐसी नस्लों और फसल किस्मों को विकसित करना जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं, जैसे कम मीथेन उत्सर्जित करने वाले मवेशी और संसाधन-कुशल फसलें हैं। यह जीनोमिक चयन सुनिश्चित करने के लिए जैव-नैतिकता और विनियामक मानकों का भी पालन करेगा, जो स्थिरता और पशु कल्याण के साथ संरेखित होगा, तथा बेहतर उत्पादकता के लिए जीनोमिक डेटा का लाभ उठाने में किसानों, सहकारी समितियों और कृषि व्यवसायों को प्रशिक्षण और समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। बीएल एग्रो स्थानीय समुदाय को उच्च दूध देने वाली गायें बेचेगा और उन्हें बेहतरीन गुणवत्ता वाला चारा उपलब्ध कराएगा तथा किसानों से दूध वापस खरीदेगा। इस उद्देश्य के लिए, केंद्र के पास एक फील्ड प्रोसेसिंग यूनिट भी होगी जो किसानों से दूध जैसे कच्चे माल की प्राप्ति के लिए उनके साथ काम करेगी। वे प्रस्तावित सीबीजी प्लांट के लिए कृषि अपशिष्ट की प्राप्ति के लिए भी किसानों के साथ मिलकर काम करेंगे। बीएल कामधेनु भारत के डेयरी क्षेत्र का समर्थन करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का व्यवसायीकरण करने के उद्देश्य से एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए बीएल एग्रो की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# पताका यात्रा के साथ शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध 165 वीं रामलीला, कल से मंचन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल विश्व धरोहर बरेली के बड़ी बमनपुरी क्षेत्र में होली के अवसर पर होने वाली 165 वीं फाल्गुनी रामलीला मंगलवार को पताका यात्रा के साथ शुरू हो गई। पताका यात्रा आज श्री नरसिंह मन्दिर से विधिवत पूजन के बाद निकाली गई। जहां नरसिंह मंदिर में सर्वप्रथम श्री गणेशजी एवं श्री हनुमानजी का पूजन कर व भगवान श्री नरसिंह जी का आशीर्वाद ले कर शुभारंभ किया गया। पूजन रामलीला कमेटी के संरक्षक उप सभापति नगर निगम सर्वेश रस्तोगी, अध्यक्ष राजू मिश्रा एवं मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी कुँवर सिद्धराज सिंह, पंडित राहुल शर्मा द्वारा पंडित केशरी नंदन कौशिक ने संपन्न कराया। इसके बाद निकली पताका यात्रा में सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए। यात्रा बमनपुरी, मलूकपुर चौराहा, सौदागरान, सीता राम कूँचा, बड़े बाजार, गढ़ईया, छोटी ब्रह्मपुरी से होती हुई वापस मूँछों वाले हनुमानजी मंदिर पर आकर समापन हुई। यात्रा में शामिल प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि यहां पताका को मंदिर के प्रांगण में लगे पीपल के वृक्ष पर बांधकर विधिवत रामलीला की शुरुआत करने की अनुमति भगवान से ली जाती है, अब कल शाम से रामलीला के प्रथम दिन की लीला का मंचन होगा। यात्रा में नवीन शर्मा, अखिलेश अग्रवाल, एडवोकेट पंकज मिश्रा, विवेक शर्मा, महेश पंडित, पंडित सुरेश कटिहा, सत्येन्द्र पांडेय, लवलीन कपूर, सुनील रस्तोगी, राज कुमार गुप्ता, सचिन श्याम भारतीय, कौशिक टण्डन, सोनू पाठक, दिनेश दद्दा, नरेंद्र सिंह, मयंक सागर, सौरव शर्मा, महिवाल रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, अमित रस्तोगी, सर्वेश रस्तोगी संपू, दिनेश चंद्र गौड़, सनी भैय्या, संजय सिंह आदि शामिल रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल जी ने शॉल पहनाकर किया सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली -अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा कार्यालय में धर्मपाल सिंह कैबिनेट मंत्री द्वारा अनेक महिलाओं को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रशी




मित्तल को आर्किटेक्ट के क्षेत्र में मंजू गोयल एवं शशि राठी को , जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं साथ ही साथ सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया ।।

# भांजी की शादी में डीजे पर डांस कर रहे मामा की मौत, परिवार में छाया मातम

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ गोधा से भांजी की शादी में अरनिया भात लेकर गए मामा की 6 मार्च को डीजे पर डांस करते समय हृदयाघात से मौत हो गई। हालांकि परिजन उसे जेवर के अस्पताल भी लेकर गए। मगर, मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शादी की खुशियां काफूर हो गईं। आनन फानन शादी की प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार गोधा के गांव खेड़ा बुजुर्ग का 32 वर्षीय विक्रम सिंह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। खुद वह निजी कंपनी में जॉब करता था। 6 मार्च को उसकी भांजी की अरनिया बुलंदशहर के गांव खुरियावली में शादी थी। जिसमें वह परिजनों संग हंसी खुशी भात लेकर गया। शाम को भात पहनाने की प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े आठ बजे वह डीजे पर डांस कर रहा था। तभी सीने में दर्द के साथ तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे जेवर के अस्पताल लेकर पहुंचे, मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसे अलीगढ़ लाए। यहां मेडिकल में भी यही जवाब मिला। 7 मार्च को शव का अंतिम संस्कार किया गया। छह दिन पहले हुआ एक बेटा विक्रम सिंह के एक भाई की दो वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। वह तीन बच्चों का पिता था। जिसमें एक बेटे का जन्म छह दिन पहले ही हुआ। तीनों बच्चों को लिए पत्नी का हाल बेहाल था।

# समाजशास्त्र के आसान पेपर देखकर परीक्षार्थियों के खिले चेहर

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में चल रहीं यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गृहविज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 138- में से131 ने परीक्षा दी।7 अनुपस्थित रहीं। वहीं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट



रसायन विज्ञान में पंजीकृत 357 परीक्षार्थियों में 328 ने परीक्षा दी।29 अनुपस्थित रहे। समाजशास्त्र में पंजीकृत 145 परीक्षार्थियों में 137 ने परीक्षा दी। जबकि 8 अनुपस्थित रहे।इस दौरान स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट प्रीति केन्द्र व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक वेदप्रकाश परीक्षा प्रमुख डाक्टर हरमीत सिंह कुसुम गंगवार रघुवीर सरन लोकेश कुमार अमरेश कुमार, अतुल कुमार मौर्य, लोकेश कुमार ,रावेन्द्र प्रताप,रमेश चंद्र,दीप कमल सक्सेना, राजेश द्विवेदी, रामसिंह डॉ राजेश कुमार गंगवार, डॉ सर्वेश कुमार ब्रजेश शर्मा वरूण वर्मा एस आई तुलसीदास कान्स्टेबल अनुराग सचिन सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# ओडगी तहसीलदार कुदरगढ़ में तस्कर के साथ लकड़ी किया जप्त वन विभाग को किया सुपुत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड के कुदरगढ़ में मुखबिर से सूचना मिल की लकड़ी तस्कर द्वारा बहरा का लकड़ी काटा जा रहा है सूचना पर ओड़गी तहसीलदार सूरेशराय तत्काल मौके पर पहुंचकर लकड़ी तस्कर सहित लकड़ी को जप्त कर वन विभाग को सुपुत्र कर दिया वहीं वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है तहसीलदार सूरेश राय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 8 मार्च 2025 को ग्राम कुदरगढ़ में धनंजय चेरवा के द्वारा रकबा क्रमांक 304क्षेत्रफल 0,80हे एक नग बहेरा पेड़ को काटकर छोटे-छोटे टुकड़े में परिवर्तित किया जा रहा था मुखबिर के सूचना पर तत्काल ओडगी तहसीलदार मौके पर पहुंचकर लकड़ी जप्त कर वन विभाग को सुपुत कर दिया गया है वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जा रहा है



# पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच

◆ नेशनल में गोल्ड मेडल विजेता महिला आरक्षक हुई सम्मानित।
◆ महिलाओं-बालिकाओं ने खेलकूद एक्टिविटी में किया शानदार प्रदर्शन।
◆ थानों में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी हुए सम्मानित।



सूरजपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की पुलिस के द्वारा महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा में अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित कर महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा के प्रावधानों, साइबर अपराध, महिलाओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार सहित कई अहम जानकारियों से अवगत कराने, विभिन्न प्रकार के खेलकूद एक्टिविटी कराने के निर्देश दिए थे। पुलिस लाईन सूरजपुर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, समानता और योगदान को सम्मान देना है। साथ ही महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका मकसद है। उन्होंने कहा कि हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है, आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, कदम से कदम मिलाकर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले की महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी दक्ष है और निष्ठापूर्वक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर रही है जिसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। नेशनल में गोल्ड मेडल विजेता महिला आरक्षक हुई सम्मानित। रक्षित केन्द्र में पदस्थ महिला आरक्षक पार्वती सिंह हाल में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर जिले की पुलिस का नाम रौशन किया है जिन्हें महिला दिवस के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने किया शानदार खेलकूद एक्टिविटी। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं-बालिकाओं के लिए खेलकूद एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम सुनिता सिंह, द्वितीय शांती एक्का, चम्मच दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय राधा सिंह, जलेबी दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय सुनीता सिंह, जलेबी दौड़ बालिका में प्रथम रिया सिंह, द्वितीय रितिका राज, गिलास गिराने में महिला आरक्षक विमला खलखो, सिंधू कुजूर, चन्दा सिंह, चिंता पैंकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिन्हें स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित कियिा गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, महिलाएं-बालिकाएं व पुलिस लाईन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। थानों में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी हुए सम्मानित। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त थाना-चौकी में कार्यरत् महिला अधिकारी कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारियों ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर महिला दिवस की बधाई देते हुए सम्मानित किया है।

# एसएसपी ने थाना उझानी में सुनी जनशिकायतें

क्यूँ न लिखूँ सच

थाना उझानी में डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना उझानी पर थाना समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर अधिकांश शिकायतों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के आदेश-निर्देश दिए गए । महोदय द्वारा थाना समाधान दिवस रजिस्टर चेक कर सम्बन्धित को अद्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किलों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानां प्रांगण में उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण कराया गया।



# जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आज दिनांक 08.03.2025 को माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री विकास कुमार-। जी के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जिला एवं सत्र न्यायालय, शामली स्थित कैराना परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिलाधिकारी शामली, पुलिस अधीक्षक शामली, बैंक पदाधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायालय शामली द्वारा 07 मामले, प्रधान न्यायाधीश-पारिवार न्यायालय द्वारा 30 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( पॉक्सो ) शामली न्यायालय द्वारा 04 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( एस.सी./एस.टी. एक्ट ) शामली न्यायालय द्वारा 320 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफ0टी0सी0 शामली न्यायालय द्वारा 02 मामले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली न्यायालय द्वारा 810 मामलें, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना न्यायालय द्वारा 454 मामले, सिविल जज सी0डि0/ए0सी0 जे0एम0, शामली न्यायालय द्वारा 121 मामले का, सिविल जज सी0डि0/ ए0सी0 जे0एम, कैराना न्यायालय द्वारा 309 मामले का, सिविल जज ( जूडि. )/ न्यायिक मजिस्ट्रेट- शामली न्यायालय द्वारा 514 मामले, सिविल जज( जू.डि. )/ एफ.टी.सी. शामली न्यायालय द्वारा 212 मामले, सिविल जज जु0डि0, कैराना न्यायालय द्वारा 410 मामले व अपर सिविल जज जू0डि0 कोर्ट संख्या-1, कैराना न्यायालय द्वारा 329 मामले का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद शामली स्थित समस्त न्यायालयों के द्वारा कुल 3691 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल धनराशि 9477230/-रूपये का सैटलमेन्ट किया गया। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 1,64,998 मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया, जिसमें 1240386/-रूपये का सैटलमेन्ट किया गया। बैंक से सम्बन्धित 718 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 31643072/- रूपये की धनराशि का सैटलमेन्ट किया गया। इस प्रकार माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण- शामली श्री विकास कुमार-। जी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,69,407 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 42360688/- रूपये की धनराशि का सैटलमेन्ट किया गया। प्रतिभा, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-शामली द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सशक्तिकरण चित्र प्रदर्शनी व स्वस्थ नारी हेल्थ और वैलनेस कैम्प का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली एसडीएम न्यायिक/जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत आज देवी उमरा कोर इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग के वन स्टॉप सेंटर के द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टॉप केंद्र की स्टाफ नर्स पल्लवी व सीएचएल से पारुल, किरण के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें स्टाफ नर्स पल्लवी द्वारा मरीजों को दवाई तथा महिलाओं व बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी तथा संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी दी गई। व सीएचएल पारुल के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं व विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर महिलाओं को हेल्पलाइन जैसे 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 तत्काल सहायता, 102 व 108 स्वास्थ्य सेवा तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि के बारे में महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सशक्तिकरण चित्र प्रदर्शनी व स्वस्थ नारी सशक्त नारी ( हेल्थ एंड वैलनेस कैम्प ) जिसमें हाइजीन पोषण और फिटनेस पर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर निबंध वाद विवाद चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।







## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली आज卐अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस卐 के अवसर पर विकास भवन सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि मुख्य विकास मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार द्वारा की गई। आयोजित कार्यक्रम में सभी विकास खंडों आयी महिलाएं जिसमें स्वच्छता? व अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं मुख्यत: सामुदायिक शौचालय केयरटेकर समूह सखी, विद्युत सखी ,समूह अध्यक्ष, व आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डीसी एन.आर.एल.एम प्रेम चन्द, जिला पंचायतराज अधिकारी संदीप अग्रवाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र आदि द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं को सशक्त बनने व आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सलाहकार सचिन वर्मा द्वारा सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन कराया गया।




### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच

बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के अन्तर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उ0प्र0 सदस्य विधान परिषद मुरादावाद, बिजनौर की अध्यक्षता में शनिवार को डायट स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन कर उन्हें सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके उपरान्त अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद की महिलाओं को सम्मानित किया गया। सत्यपाल सिंह सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उ0प्र0 सदस्य विधान परिषद मुरादावाद, बिजनौर ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पहले और अब महिला सशक्तिकरण में जमीन आसमान का अंतर आया है। आज करोड़ से भी ज्यादा महिलाएं स्वंय सहायता समूह से जुड़ी हैं। जो महिलाएं घर में घूंघट में रहती थी, जिन्होंने घर के दरवाजे के अलावा कुछ देखा नहीं था। लेकिन आज वह अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं। वह अपने परिवार का भरण पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा स्वयं उठाती हैं। इतना ही नहीं व्यापारिक क्षेत्र में भी उनका योगदान बढ़.चढ़कर हो रहा है। न जाने कितनी ऐसी महिलाएं है, जो व्यापार, राजनैतिक क्षेत्र में बढ़.चढ़कर इस देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बेटियां बेटो से कम नहीं है, वह जमाना चला गया जब बेटियां और बेटो में भेदभाव रहता था। बेटियां नसीब वालों को ही मिलती है। इस लिए खूब पढ़ों और देश का नाम रोशन करो। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, प्रचार्य राजकीय महाविद्यालय डॉ नरेन्द्र कुमार बत्रा राजकुमार कनिष्ठ सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

ग्राम करौटी और रामगढ़, ब्लॉक -ओडगी, जिला - सूरजपुर में वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम मे 16 ग्रामो के ग्रामीण महिलाओ तथा सामाजिक कार्यकर्ताओ जैसे मितानींन, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, महिला समूह की अध्यक्ष तथा शिक्षक आदि सम्मिलित हुए, इस कार्यक्रम मे मंच मे आसीन मुख्य अथिति एवं अन्य अथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।इसके बाद अथियों एवं मुख्य अतिथि के द्रावा महिला दिवस के उपलक्ष्य मे उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित किया, कार्यक्रमों को और भी रोचक बनाते हुए खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़ तथा चम्मच दौड़ का आयोजन किया गया तथा विजेता एवं उप विजेता को पुरुस्कार भी दिया गया। ग्रामीण महिलाओ में ख़ुशी की लहर और उत्साह देखने लायक थी। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाना है, इसके पश्चात् धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। ज्ञात हो की वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट चांदनी क्षेत्र के 16 ग्रामो बसनारा, मोहरशोप, कछिया, करौती, चोंगा, महुली, रामगढ़, उमझर, रसोकि, लुल्ह, खोहिर, कोल्हुवा, अवन्तिकापुर, सेमरा, कांतिपुर एवं विशालपुर में जल एवं भूमि संरक्षण ,जलवायु आधारित कृषि, आजीविका उन्मूलन एवं महिला- बच्चों के स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे एनीमिया तथा कुपोषण रोकथाम निदान और जागरूकता में कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामो के सरपंच, पंच एवं अन्य ग्रामीणों जन उपस्थित हुए साथ ही संस्था के प्रोग्राम विनोद लस्कर, देवेंद्र सोनी, शिवानंद, सतीश,राबेन्द्र उपस्थिति थे।




# वन माफियाओ के हौसले इतने बुलंद की 11 पेड सागवान के काट कर रातों-रात उठा ले गए

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। हरदत्तनगर गिरन्ट वन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौगोई के मजरा पसियन पुरवा में पेड़ चोरी का मामला सामने आया है।

अज्ञात वन तस्करों ने गांव के पूरब साइड स्थित बाग में खड़े 11 सागौन के पेड़ों को रातों-रात काटकर उठा लिया। चोरी के सबूत छिपाने के लिए तस्करों ने पेड़ों की जड़ों को मिट्टी से ढककर छुपाने का भी प्रयास किया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है

कि वन विभाग की लापरवाही के कारण तस्करों के हौसले बुलंद है, जिससे लगातार वन संपदा का नुक़सान हो रहा है। जब इस संबंध में वन विभाग से जानकारी ली गई तो हरदत्तनगर गिरन्ट वन क्षेत्र के वन दरोगा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# महिलाओ को ग्राम पंचायत के सरपंच ने किया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच -मानश मिश्रा

चितरंगी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुरवा मे ग्राम पंचायत भवन मे अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च को सरपंच लालता प्रसाद बैस के नेतृत्व मे महिलाओ को सम्बोधित करते हुए सम्मानित किया गया जिसमे ग्राम पंचायत की ऐसी महिलाओ को सम्मानित किया गया जो सामाजिक कार्यों मे बढ़चढकर भाग लेती है इस साम्मान समारोह मे 15 महिलाओ को दिवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर युवा नेता समाजसेवी उमा शंकर सिंह बैस ने कहा की समाज के विकास का नाम ही नारी शक्ति है साथ सरपंच ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड चितरंगी के घोघरा सेक्टर के अंतर्गत शिवपुरवा को आदर्श ग्राम घोषित करके आदर्श बनाने का संकल्प जो सरकार के माध्यम से जारी है इसके लिए नवाकुंर संस्था कालिका प्रसाद केपी बैस सेवा समिति के कार्यकर्ताओ द्वारा पंचायत मे कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है इस कार्यक्रम के बाद ग्राम सभा का आयोजन भी हुआ इस पुरे कार्यक्रम मे प्रधानाध्यापक सुग्गन बैस, भाजपा बूथ अध्यक्ष शिवपती सिंह, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता नीलू साकेत, अम्बिकेश सिंह,चंद्रशेखर, सुनील सिंह बैस, सूरज सिंह, मखमल हरिजन, तुरंतीया साकेत, पुष्पा बैस, उषा देवी, इसराज देवी, रेशमी देवी, अनुपमा सिंह सहित कई ग्रामीण और युवा महिलाये उपस्थित रही



# 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ( एसएसबी ) भिनगा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट, 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महिला बल कर्मियों एवं संदीक्षा सदस्याओं द्वारा केक काटकर की गई। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिला बल कर्मियों एवं संदीक्षा सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त महिला बल कर्मियों एवं संदीक्षा सदस्याओं को उनके सराहनीय योगदान के सम्मानस्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने सभी संदीक्षा सदस्यों एवं महिला बल कर्मियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की। कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने महिलाओं की भूमिका एवं सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है और एसएसबी सदैव महिलाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है । अंत मे संदीक्षा सदस्यों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस मौके पर संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा , श्रीमती शुभिता, श्रीमती अनुराधा के साथ समस्त संदीक्षा सदस्य व महिला बलकर्मी उपस्थित रही ।




# शामली महोत्सव के प्रथम दिवस विभिन्न कलाकारों ने किया अपना प्रदर्शन प्राजंल दहिया हरियाणवी कलाकार की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली वी.वी. डिग्री कॉलेज के प्रांगण में आयोजित चलने वाले चार दिवसीय शामली महोत्सव का प्रथम दिन उद्घाटन मा0 राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ), व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश श्री कपिल देव अग्रवाल जी सहित एमएलसी वीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके द्वारा गणेश वंदना का आयोजन किया गया। मुख्य हुए मा0 मंत्री जी ने कहा कि शामली , मुजफ्फरनगर रेखा खींची है अंतर कुछ नहीं है ना संस्कृति ना व्यवहार संबंध व्यापार, व्यवसाय सब एक जैसे है। उन्होंने के अंदर है। उन्होंने कहा कि शामली महोत्सव में जाएंगे वहीं साहित्यकारों को अपनी बात कहने का हैं जिनको बाहर जाकर मंच नहीं मिलता लेकिन यह साहित्यकारों, कवियों, नृत्य, गायन, बजाने वालों कलाकार बाहर से आये है उनका सम्मान तो होगा मंच मिलेगा तो उनकी प्रतिभा निखारेंगी और उनको संबोधन में कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी मजबूत है कि बहन बेटी सुरक्षित है। 24 घंटे बिजली किसानों को सम्मान हो रहा है। उन्होंने अच्छे कार्यक्रम



अधीक्षक राम सेवक गौतम आदि द्वारा मां सरस्वती उपरांत देवी उमरा कोर बनत के स्कूली बच्चों अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते जनपद दोनों एक साथ रहे हैं केवल सीमा की में फर्क है और देखा जाये रिश्तेदारी, परिवार, कहा कि शामली के उद्योगों की पहचान देश भर जहां स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग मंच ऐसा मंच होगा जो जनपद के कलाकारों, को मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि केवल जो ही परंतु स्थानीय कलाकार को अधिक से अधिक आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मंत्री जी ने अपने आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून व्यवस्था मिल रही है। उद्योगों को आगे बढ़ाया जा रहा है। के लिए प्रशासन का धन्यवाद दिया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी श्री अरविन्द कुमार चौहान ने कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को जनपद में चार दिवसीय चलने वाले शामली महोत्सव कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद गठन के बाद पहली बार इतना विशाल और भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने में इंडस्ट्रियल एरिया के लोगों का विशेष सहयोग रहा है वहीं जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिला है जिसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।डीएम ने प्रथम दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा तेजेन्द्र निर्वाल ने जनपद की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि खेल,योग,कला, कृषि उद्योग, शिक्षा के क्षेत्र में जनपद का उत्कृष्ट स्थान है। उन्होंने शामली महोत्सव के साथ- साथ गांव महोत्सव भी मानना चाहिए कि बात कही। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने वाले होते हैं। थानाभवन विधायक अशरफ अली ने अपने संबोधन में कहा कि शामली महोत्सव एक कामयाब शामली का उत्सव होगा। उन्होंने कहा कि हमारा जनपद छोटा है परंतु जो महोत्सव हो रहा है वह मिल का पत्थर साबित होगा। शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपने संबोधन में इतने भव्य तरीके से शामली महोत्सव कराने को लेकर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये उत्सव हमारी परंपरा संस्कृति की पहचान है। पूर्व मंत्री सुरेश राणा जी ने अपनी संबोधन में कहा कि हमारा जनपद बहुत ही गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद छोटा जरूर है परंतु जनपद का इतिहास बहुत बड़ा है। उन्होंने जनपद की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है आज किसी की हिम्मत नहीं जो बहन बेटी की तरफ आंख उठा कर भी देख ले। मा0 एमएलसी श्री वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शामली महोत्सव ऐतिहासिक कार्यक्रम है जो पहली बार हो रहा है। उन्होंने जनपद की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। राकेश टिकट राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शामली जिला छोटा नहीं है शामली एक विचारधारा है यहां कि उपलब्धियां का देश दुनिया में नाम है। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न कलाकारों ने जहां अपनी प्रस्तुति दी जिसमें प्राजंल दहिया की प्रस्तुति कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बनी। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्षशामली अरविन्द संगल अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित उद्यमी के रूप में आशीष जैन,अंकित गोयल आदि प्रमुख उद्योग बंधु समेत सभी ब्लॉक प्रमुखगण, आदि गणमान्य सहित भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

# होली के तोहर पर बिकने रंग-बिरंगे गुलाल एवं पिचकरिया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली होली का त्योहार आते ही छोटे-छोटे बच्चों के लिए पिचकरिया एवं रंगों से खेलने के लिए दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों पर लगनी शुरू कर दिया है रंग-बिरंगे गुलाल पिचकरिया एवं गुब्बारा यह त्यौहार ऐसा है कि अपने मतभेदों को छोड़कर आपस में रंगों का एक पास लाने के लिए एकता का त्यौहार है यह रंगों का आपस में एक करने का त्यौहार है जिसमें बाजार में होली का त्योहार पर बाजारों में रौनक लौट आई



# ग्रामीणों ने गड्ढे में तब्दील को सडक की मरम्मत की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती विद्यालय के प्रबंधक एवं स्थानीय निवासियों ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर जमुनहा बाजार ईदगाह के पास स्थित साईद ग्रिल शॉप से द्वारिका गाँव और कलकलवा मार्जिनल बांध तक जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया है। पत्र में बताया है कि इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो गई है कि यह पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे आवागमन में दिक्कतें आ रही है। खासतौर पर द्वारिका गांव चौराहे पर स्थित ( सीबीएसई ) जीनीएस गेटवे पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय विधायक परवा, प्राथमिक विद्यालय कलकलवा, आंगनबाड़ी केंद्र और सरस्वती शिश विद्या मंदिर रानीपुरवा में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक बन गया है। जीनीएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शिवम मौर्य ने बताया कि इस मामले को कई बार उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर कुछ अभिभावको के सहयोग से ईंट और रोड़े डालकर रास्ते को अस्थायी रूप से चलने योग्य बनाया गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह मार्ग 10 वर्ष पूर्व बनाया गया था। सड़क के उत्तर दिशा में बने मकानों के आगे ऊँचीकरण नाला तो बनाया गया था, लेकिन मकानों के सामने नालियों पर अतिक्रमण होने से सड़क पर जलभराव होने लगा और सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रन के द्वारा संचालित कार्यक्रम सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा


श्रावस्ती बाल रक्षा भारत ( सेव द चिल्ड्रन )के द्वारा संचालित ड्रीम एक्सीलेटर प्रोजेक्ट के तत्वाधान में ब्लॉक -जमुनहा के



रामपुर गाँव में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विश्राम पासवान की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें महिला दिवस के उपलक्ष्य में समूह की महिलाओ व मीना मंच, बाल संसद,किशोरी समूह के द्वारा गीत -संगीत व भाषण के माध्यम से महिलाओं /बालिकाओं के अधिकारों के बारे मे संदेश दिया और , जिसमें थाना मल्हीपुर से सब इंस्पेक्टर महिमा सिंह के द्वारा उपस्थित लोगो को भ्रूण हत्या, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न और निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1090,181,108 एवं 102 के बारे जागरूक किया। और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने बच्चों के अधिकारों के बारे बताया तथा स्कूल के शिक्षक देवेंद्र पटेल व प्रीती मिश्रा ने सभी लोगों से बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक किया और साथ-साथ ही बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया कार्यक्रम के दौरान बाल रक्षा भारत टीम के प्रोग्राम प्रबंधक डॉश्र संतोष कुमार कौशल ,दिनेश सिंह, स्मृति शुक्ला, ओमकार यादव और सम्मानित व्यक्ति एवं गाँव के समूह की महिलाओं और बच्चों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

# 5 foods silently weaken bones, if you are not careful; then soon there will be calcium deficiency

Do you think that just by taking milk and calcium supplements, your bones will always remain strong? If yes, then wait a minute! There are some things (Foods That Weaken Bones) that you are eating every day and they are stealing calcium from your bones without telling you. Slowly your bones are getting weak and you are not even realizing it! Bones become weak at an early age due to calcium deficiency. Some foods included in your diet steal calcium from the body. To avoid calcium deficiency, it is better to exclude these foods from the diet. We all know how important calcium is for strong bones, but do you know that there are some foods that can slowly weaken your bones? These things reduce calcium from the body and you do not even know! If you do not pay attention at the right time, you may have bone-related problems, such as the risk of osteoporosis and fractures. Let's know about those 5 foods (Foods That Weaken Bones) which can silently weaken your bones. Foods with high salt If you eat too much salt, be alert! Excess salt expels calcium from the body through urine. Snacks, papad, chips, processed food and canned items contain a lot of salt, which can prove to be dangerous for bones. Soft drinks and cold drinks Phosphoric acid is found in cold drinks and soft drinks, which reduces the ability of bones to absorb calcium. This gradually weakens the bones. If you are more fond of cold drinks, then reduce it or else it can cause problems later. Excess caffeine If you drink tea or coffee several times a day, then this can also harm your bones. Excess caffeine reduces the absorption of calcium and can weaken the bones. Therefore, do not drink more than 1-2 cups of tea or coffee in a day. Too much sweet- People who like to eat sweets need to be careful! Too much sugar reduces the amount of calcium in the body and weakens the strength of bones. Especially excessive consumption of cold drinks, sweets, pastries and chocolates can be dangerous for your bones. Too much red meat- If you eat too much red meat, then it can also be harmful for your bones. Red meat contains more protein, but its excessive consumption can increase acidity in the body, which leads to calcium deficiency. Therefore, it is important to maintain balance in your diet. How to protect bones from weakening Include milk, curd, cheese and green vegetables in your diet. Sit in the sun, so that there is no deficiency of Vitamin D in the body. Do exercise and yoga, so that bones remain strong. Reduce the intake of excess salt, sugar and caffeine. If you take care of these things, then your bones will remain strong and there will be no calcium deficiency.



# Eating one lemon daily will give 5 unique health benefits, all diseases will disappear

Lemon is a part of the diet of many people. However, most people also eat it just for taste. Very few people know that along with taste, lemon is also very beneficial for your health. Eating it daily provides relief from many problems. Let's know the benefits of eating one lemon daily (Lemon Health Benefits). Lemon is often used in food due to its sour taste. Its sour taste is liked by many people. However, along with being better in taste, it is also beneficial for health. Whatever we eat has a direct effect on our health. This is the reason why health experts also often recommend including healthy foods in their diet. Lemon (Lemon Health Benefits) is one of these, which many people include in their diet. It is a nutritious fruit, which is beneficial. Including it in the diet not only improves heart health, but also prevents cancer. People usually use it in small amounts to add flavor to baked foods, sauces, salad dressings, marinades, drinks, and desserts. However, they rarely consume it alone due to its sharp, sour taste. Prevents stroke- According to a 2012 study, the flavonoids present in citrus fruits may help reduce the risk of ischemic stroke in women. A study of data from about 70,000 women over 14 years showed that those who ate the most citrus fruits had a 19% lower risk of ischemic stroke. Helpful in high blood pressure- According to a 2014 study, women who walk regularly and include lemon in their diet daily have lower blood pressure than women who do not do so. However, more research is still needed on this. Cancer prevention- Lemon and lemon juice are an excellent source of antioxidant vitamin-C. Antioxidants can help prevent free radicals from causing cell damage, which can lead to cancer. Helpful in maintaining complexion- Vitamin C plays an important role in the formation of collagen, which helps in making the skin healthy. Sun exposure, pollution, age and other factors can damage the skin. In such a situation, these damages can be avoided with the help of vitamin C and lemon (Lemon for weight loss) is a great source of vitamin-C. Strengthen immunity- Food items rich in vitamin C and other antioxidants can help strengthen immunity against common flu and flu-causing germs. Also, vitamin C can help boost the immunity of those who are doing a lot of physical activity.




# The craze of visiting haunted places is increasing in India, know which haunted places are the first choice of people

Today, travel is not limited to beautiful mountains or peaceful places by the sea. The craze of paranormal tourism is constantly increasing in India. This is the tourism where people go to get information about haunted places, ghosts and mysterious events. Let us know what kind of haunted places people are visiting and why this trend is increasing. The trend of paranormal tourism is constantly increasing in India. Many people are in search of exciting and scary experiences. Some paranormal destinations of India are quite famous among the people. Have you ever heard of such haunted places, where people go in search of new and exciting experiences? Yes, the trend of paranormal tourism is increasing rapidly in India. People now like to visit some places in their holidays not only to feel comfort and peace, but also to feel the world of fear and mystery. Let us know about some such haunted places, where people want to experience facing ghosts and invisible powers. Come, let us know about it in detail here and tell you about some famous paranormal destinations of India (Haunted Places in India). Trend of paranormal tourism The craze of paranormal tourism lies in the fact that it is different from any normal travel. People no longer want to travel only to religious or historical places, but they also want to gain mysterious experiences. Apart from this, the Internet and social media have brought information and events about these mysterious places to more people, which has increased the enthusiasm of the people. 5 haunted places of India Shimla's Charlievila Shimla's Charlievila is a beautiful place, but the ghostly stories here are enough to scare anyone. It is said that a British officer died at this place, and now his ghost is seen here. Many tourists and locals claim to see strange sounds and shadows here at night. This place is quite famous due to its scary atmosphere and mysterious incidents. Bhangarh Fort of Rajasthan Bhangarh Fort located in Alwar district of Rajasthan is also one of the scariest places in India. The Archaeological Survey of India has banned entry into this fort at night. The most famous story here is of a princess and a tantrik. It is said that the tantrik tried to trap the princess in the trap of love, but what happened after that was very mysterious and scary. Shaniwarwada Fort of Pune The famous Shaniwarwada Fort of Pune is a historical heritage, but the stories associated with it include it in the list of haunted places. It is said about the fort that ghostly voices are heard here. Especially in the courtyard of Shaniwarwada, where people hear strange sounds at night. Many people claim that they hear screaming sounds around the fort at night. In such a situation, people are afraid to go near the fort at night. GP Block of Meerut- There is an old bungalow located in the Cantt area of ??Meerut, where people avoid going even during the day, let alone at night. This bungalow has been closed since 1950 and has now completely turned into ruins. Many people say that they have seen a woman roaming here, while some people claim that they have seen four men sitting here in candlelight. Due to such mysterious incidents, people stay away from this bungalow. National Library of Kolkata- The National Library located in Kolkata, which is known for its rare books, is also quite famous for its scary stories. This library used to be the official residence of the Governor General of India before India's independence. People who come here believe that some invisible power is present at this place. Apart from this, some people have also shared the experience of hearing strange sounds here. Due to these incidents, many guards refuse to do night duty.